epaper
हिन्दुस्तान

यूपी प्रति व्यक्ति आय में फिसड्डी पर वाहन सबसे ज्यादा

21/04/2022

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी प्रति व्यक्ति आय के मामले में भले ही केवल बिहार से आगे हो, लेकिन देश के सभी राज्यों की तुलना में यहां सबसे ज्यादा वाहन हैं। महाराष्ट्र प्रति व्यक्ति आय के मामले में यूपी से कहीं आगे है लेकिन उत्तर प्रदेश में वाहनों की संख्या महाराष्ट्र के मुकाबले 88 लाख ज्यादा है। यूपी में 4.03 करोड़ तो महाराष्ट्र में 3.15 करोड़ वाहन हैं।

यदि यूपी की लगभग 23 करोड़ आबादी के लिहाज से कुल वाहनों की संख्या का अनुपात देखें तो 17.5 फीसदी आबादी के पास वाहन हैं। यूपी की प्रति व्यक्ति आय केवल बिहार से अधिक है। चाहे पेट्रोल व डीजल के दाम साल दर साल बढ़ते जा रहे हों लेकिन लोगों में वाहन खरीदने का शौक कम नहीं हो रहा। लग्जरी वाहन हों या फिर कारें, स्कूटर व बाइक, इनकी खरीदारी यूपी में कम नहीं हो रही। यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसका प्रमाण है परिवहन विभाग को हर साल टैक्स से होने वाली आय में बढ़ोतरी। वर्ष 2018 की तुलना में वर्ष 2021 में वाहनों के पंजीकरण से यूपी को होने वाली आय कुल 40 फीसदी बढ़ गई। वर्ष 2020 में परिवहन विभाग को पंजीकरण से होने वाली आय में 21 फीसदी गिरावट हुई थी जबकि वर्ष 2019 में यह गिरावट 17.76 फीसदी थी।

40 फीसदी बढ़ गई पंजीकरण से होने वाली आय 2018 की तुलना में

88 लाख ज्यादा वाहन हैं उत्तर प्रदेश में महाराष्ट्र के मुकाबले

राज्यो में वाहन व आय की स्थिति

राज्य गाड़ियां प्रति व्यक्ति आय

(वर्ष 2020-21)

उत्तर प्रदेश 4.03 करोड़ 65431 रुपये

बिहार 1.02 करोड़ 46292 रुपये

दिल्ली 1.35 करोड़ 354004 रुपये

उत्तराखंड 0.34 करोड़ 202895रुपये

झारखंड 0.64 करोड़ 75587 रुपये

महाराष्ट्र 3.15 करोड़ 202130 रुपये

प. बंगाल 1.40 करोड़ 121267 रुपये

गुजरात 2.09 करोड़ 213936 रुपये

कर्नाटक 2.81 करोड़ 226796 रुपये

तमिलनाडु 2.96 करोड़ 225106 रुपये

प्रदेश में हैं तीन करोड़ से अधिक मोटर साइकिलें

यूपी में गैर परिवहन श्रेणी के वाहनों की संख्या 3,80,07,168 है, जबकि परिवहन श्रेणी के वाहनों की संख्या 22,93,068 है। गैर परिवहन श्रेणी में सबसे ज्यादा 3,10,56,821 मोटर साइकिल व स्कूटर जबकि 39,23,197 मोटर कार हैं। इसके बाद 18,02,568 कृषि कार्य में लगे ट्रैक्टर व 11,08,226 मोपेड हैं। परिवहन श्रेणी में सबसे ज्यादा 10,08,644 माल ढोने वाले वाहन हैं, जबकि 5,20,396 तिपहिया वाहन व 2,71,707 ई-रिक्शा हैं। माल ढोने वाले तिपहिया वाहनों की संख्या 1,10,283 है। परिवहन वाहनों में 1,06,078 बसें, 22664 स्कूल बसें हैं।

- **यूपी वालों को वाहन खरीदने का खूब शौक, 4.03 करोड़ वाहन हैं प्रदेश में**
- **प्रति व्यक्ति आय के मामले में केवल बिहार से ऊपर है उत्तर प्रदेश**